**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-21 का उत्तरालेख ।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 21- क्या उप मुख्यमंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि ग्राम बंडाखेड़ा काकोरी लखनऊ के निवासियों के इलाज के दौरान जॉच में बरती गई लापरवाही के संबंध में कार्यवाही कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2024 जोकि विशेष सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| यदि हॉ, तो उक्त पत्र के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है और क्या जॉच के दौरान लापरवाही सिद्ध हुई है? | प्रकरण में मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ द्वारा 03 सदस्यीय जॉच समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा शिकायतकर्ता को दिनांक 07.06.2024 को बयान हेतु बुलाया गया। शिकायतकर्ता से चरक पैथोलॉजी की रिपोर्ट मांगी गयी, शिकायतकर्ता द्वारा यह बताया गया कि चरक पैथोलॉजी की रिपोर्ट मैं बाद में प्रस्तुत करूंगा, शिकायतकर्ता से दूरभाष पर भी कई बार चरक पैथोलॉजी की रिपोर्ट जॉच समिति द्वारा मांग गयी, परन्तु शिकायतकर्ता द्वारा न तो चरक पैथोलॉजी की रिपोर्ट उपलब्ध करायी गयी, न ही चरक पैथोलॉजी द्वारा निर्गत रिपोर्ट की तिथि से ही अवगत कराया गया। अतः शिकायतकर्ता द्वारा समुचित साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण, समिति द्वारा जॉचोंपरान्त कोई अंतिम निर्णय लिया जाना संभव नहीं पाया गया। |
| क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश।